संख्या-10/2016/492/63-व0उ0-2016-31(एच)/2015

प्रेषक,

हरिशंकर भट्ट,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ : दिनांक 31 मार्च, 2016**

विषय:- अलीगंज टाण्डा (अम्बेडकर नगर) के बुनकरों को विद्युत आपूर्ति हेतु इन्डीपेन्डेन्ट फीडर की व्यवस्था के सम्बन्ध में वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-259/ह0क0-सह0अनु0/2015-16, दिनांक 01.06.2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में बुनकरों को विद्युत आपूर्ति हेतु इन्डीपेन्डेन्ट फीडर की व्यवस्था के सम्बन्ध में अलीगंज टाण्डा (अम्बेडकर नगर) के बुनकरों हेतु आप द्वारा प्रस्तावित लागत रू0 5,99,53,478.00 के प्रस्ताव के सापेक्ष इस कार्य हेतु धनराशि **रू0 5,82,11,437.00 (रूपया पॉच करोड़, बयासी लाख, ग्यारह हजार, चार सौ सैंतिस मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करके 01 माह में शासन के सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने का पूर्ण उत्तरदायित्व आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0, कानपुर/उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, 14-अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ का होगा।

3- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि **रू0 5,82,11,437.00 (रूपया पॉच करोड़, बयासी लाख, ग्यारह हजार, चार सौ सैंतिस मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-6 (आयोजनागत) के अधीन लेखाशीर्षक-"4801-बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-, 05-संचरण तथा वितरण-190-सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों में निवेश-03-बुनकरों को विद्युत आपूर्ति हेतु इन्डीपेन्डेन्ट फीडर की व्यवस्था-30-निवेश/ऋण" के नामें डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 संख्या-ई-6-183/दस-16, दिनांक 31.03.2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(हरिशंकर भट्ट)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-492(1)/63-व0उ0-2016-31(एच)/2015, तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।

3- प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल/मध्यॉचल, विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/ लखनऊ।

4- मुख्य अभियन्ता, नियन्त्रण एवं अनुश्रवण इकाई (वित्तीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।

5- विशेष सचिव, ऊर्जा अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।

6- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।

7- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।

8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त (बजट) अनुभाग-4/नियोजन अनुभाग-4

9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरिशंकर भट्ट)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in